लखनऊ, प्रयागराज, कपिलवस्तु में पीपीपी मोड पर बनेंगे हेलीपैड

लखनऊ। लखनऊ, प्रयागराज और कपिलवस्तु में पर्यटन विकास के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का संचालन किया जाएगा। इसके लिए हैलीपैड को पीपीपी मोड पर निजी निवेशकों के माध्यम से विकसित एवं संचालित कराया जाएगा। इससे जुड़े पर्यटन विभाग के प्रस्ताव को मंगलवार को कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी।

पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रदेश सरकार राज्य के मुख्य पर्यटन स्थलों पर सुविधाएं बढ़ा रही है। इसी क्रम में आगरा व मथुरा के बाद अब लखनऊ, प्रयागराज व कपिलवस्तु स्थित हैलीपैड को सार्वजनिक निजी सहभागिता (पीपीपी मोड) पर निजी निवेशकों के माध्यम से विकसित एवं संचालित कराया जाएगा। इसके लिए आरएफपी सहित निविदा संबंधी अन्य औपचारिकताएं पूरी करने के लिए कैबिनेट की मंजूरी ली गई है।